# दिल्ली में जुटेंगे अर्थव्यवस्था के दिग्गज

**13 से 15 अक्टूबर तक होगा बड़ा वैश्विक आयोजन**

**500 से ज्यादा ग्लोबल नेता और निवेशक होंगे शामिल**



**नई दिल्ली 21 मई . भारत अब केवल दुनिया का बड़ा बाजार नहीं रह गया है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की दिशा तय करने वाले देशों में तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है. इसी बढ़ती ताकत का बड़ा संकेत अक्टूबर 2026 में देखने को मिलेगा, जब राजधानी नई दिल्ली में पहली बार ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम का आयोजन किया जाएगा.**

इस कार्यक्रम में दुनिया भर से 500 से ज्यादा बड़े उद्योगपति, निवेशक, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे.यह वैश्विक फोरम 13 से 15 अक्टूबर 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित होगा. इस बार सम्मेलन का विषय रखा गया है - 'गतिशील विश्व : शक्ति के नए नियंत्रक तंत्रों का पुनर्निर्धारण.' आसान शब्दों में कहें तो इस मंच पर दुनिया की बदलती आर्थिक ताकत, निवेश की नई दिशा, टेक्नोलॉजी का भविष्य, डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार को लेकर बड़ी चर्चा होगी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे. उन्होंने कहा कि भारत आज ऐसे दौर में खड़ा है, जहां वह वैश्विक विकास का मजबूत और भरोसेमंद साझेदार बन सकता है.

> इस फोरम को भारत की बढ़ती वैश्विक अहमियत के रूप में देखा जा रहा है. पिछले कुछ वर्षों में भारत ने डिजिटल भुगतान, स्टार्टअप, विनिर्माण, आधारभूत ढांचे और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेज प्रगति की है. भारत का यूपीआई मॉडल आज दुनिया के कई देशों के लिए उदाहरण बन चुका है. इसके साथ ही कई बड़ी वैश्विक कंपनियां अपनी सप्लाई चेन का बड़ा हिस्सा भारत में स्थापित करने की दिशा में काम कर रही हैं. यह आयोजन केवल भाषणों और बैठकों तक सीमित नहीं रहेगा. यहां ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल पेमेंट, क्रिटिकल मिनरल्स, सप्लाई चेन, इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक निवेश जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी.

# भीषण गर्मी में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

**देश में बिजली की मांग 265 .44 गीगावाट पहुंची**

**गर्मी बढ़ने से एसी-कूलर का इस्तेमाल बढ़ा**

**नई दिल्ली 21 मई . देशभर में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के चलते बिजली की मांग लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है. केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अनुसार बुधवार को देश की अधिकतम बिजली मांग 265.44 गीगावाट तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है.**

यह लगातार तीसरा दिन है जब बिजली खपत ने नया रिकॉर्ड बनाया है. इससे पहले 18 मई को 257.37 गीगावाट और 19 मई को 260.45 गीगावाट की अधिकतम मांग दर्ज की गई थी. बढ़ते तापमान के कारण घरों, दफ्तरों और कार्यीयक प्रतिष्ठानों में एसी, कूलर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है.

मंत्रालय के मुताबिक बुधवार दोपहर 3:45 बजे सौर ऊर्जा उत्पादन के दौरान यह रिकॉर्ड मांग दर्ज की गई. वहीं गैर-सौर बिजली की मांग भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची. 18 मई की रात 10:29 बजे गैर-सौर बिजली मांग 247.21 गीगावाट दर्ज की गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है. सरकार ने कहा है कि रिकॉर्ड खपत के बावजूद देश में बिजली आपूर्ति पूरी तरह स्थिर बनी हुई है.



# बुलेट ट्रेन ब्रिज निर्माण में मिली बड़ी सफलता

**भरूच में रेलवे ट्रैक पर लॉन्च हुआ विशाल स्टील ब्रिज**

**2900 मीट्रिक टन वजन वाले स्पैन का काम पूरा**

**नई दिल्ली 21 मई . मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. गुजरात के भरूच जिले के ट्रालसी गांव के पास भारतीय रेलवे ट्रैक के ऊपर 130 मीटर लंबा विशाल स्टील ब्रिज सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया गया है. इस उपलब्धि को देश की हाईस्पीड रेल परियोजना के लिए बेहद अहम माना जा रहा है.**

यह स्टील ब्रिज पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के सूरत-वडोदरा सेक्शन में डीएफसीसी ट्रैक को पार कर रहा है. इससे पहले मार्च 2026 में 100 मीटर लंबे दूसरे स्पैन को निर्माण स्थल पर तैयार किया गया था. अब 130 मीटर लंबे हिस्से की लॉन्चिंग के साथ परियोजना का बड़ा चरण पूरा हो गया है.

पूरे पुल की लंबाई 330 मीटर रखी गई है. इसमें 100+130 मीटर का कंटीन्यूअस स्पैन और एक अलग 100 मीटर का स्पैन शामिल है. अब तक कुल 330 मीटर में से 230 मीटर स्टील ब्रिज का निर्माण पूरा हो चुका है. बाकी 100 मीटर हिस्से का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा.

16 मई 2026 को लॉन्च किए गए इस स्टील स्पैन की ऊंचाई करीब 18 मीटर और चौड़ाई लगभग 15.5 मीटर है. इसका वजन करीब 2900 मीट्रिक टन बताया गया है. पूरा पुल तैयार होने के बाद इसका कुल वजन लगभग 6100 मीट्रिक टन होगा.

इन स्टील ब्रिजों को गुजरात के उमरगांव स्थित कार्बन फैक्ट्री में तैयार किया गया है. इन्हें करीब 100 साल की आयु को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है. 130 मीटर लंबे इस हिस्से में लगभग 1.21 लाख हाई स्ट्रेंथ बोल्ट लगाए गए हैं, जो इसकी मजबूती को और बढ़ाते हैं.ब्रिज निर्माण के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया. इसे जमीन से लगभग 14 मीटर ऊंचाई पर अस्थायी ढांचे पर तैयार किया.

> रेल मंत्रालय के अनुसार गुजरात में सूरत से बिलिमोरा के बीच बुलेट ट्रेन सबसे पहले संचालित की जाएगी. इस हिस्से में ट्रैक बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब ओवरहेड सिस्टम, नॉइज बैरियर और अन्य तकनीकी कार्य तेजी से किए जा रहे हैं. इसी सेक्शन का हाल ही में धानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निरीक्षण भी किया था. रेल मंत्री ने कहा है कि अगले साल 15 अगस्त तक बुलेट ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा गया है. इससे पहले गुजरात में बुलेट ट्रेन का ट्रायल रन भी किया जाएगा. मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना देश में हाईस्पीड रेल नेटवर्क की शुरुआत मानी जा रही है. पूरे कॉरिडोर में कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं. यह ट्रेन लगभग 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी, जिससे मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा समय में भारी कमी आएगी.

# सोना टूटा, चांदी में बड़ी गिरावट



**515 रुपए सस्ता हुआ सोना**

**2291 रुपए नीचे आई चांदी**

**नई दिल्ली, 21 मई. देश के सर्राफा और वायदा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोना 515 रुपये तक टूट गया, जबकि चांदी की कीमत में 2,291 रुपये की बड़ी गिरावट देखने को मिली.**

एमसीएक्स पर 5 जून डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,60,006 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. बुधवार सुबह यह 1,59,900 रुपये पर खुला और शुरुआती कारोबार में गिरकर 1,59,491 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया. वहीं 3 जुलाई डिलीवरी वाली चांदी पिछले सत्र में 2,74,265 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी. बुधवार को यह 2,72,275 रुपये पर खुली और गिरकर 2,71,974 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई.

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत आगे बढ़ने से पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ी है. इसका असर सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने और चांदी की कीमतों पर पड़ा है.

# पीएम रोजगार मेले में दिए 51 हजार नियुक्ति पत्र

**अहमदाबाद, 21 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 मई, 2026 को सुबह 11.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेलवे सहित विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे. इस अवसर पर वे नियुक्त लोगों को संबोधित भी करेंगे.**

यह 19 वां रोज़गार मेला देशभर के 47 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा. ये नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं. देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, संचार मंत्रालय (डाक विभाग), रक्षा मंत्रालय, वित्तीय मंत्रालय सहित अन्य विभागों और मंत्रालयों के शामिल होंगे.




रोज़गार मेला, रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक पहल है. रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. देश भर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 11.50 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं.

इस अवसर पर पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मण्डल में भी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत कुल 115 नवीन चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे जिसमें रेलवे के 66, वित्तीय सेवा विभाग के 39, पोस्ट ऑफिस के 09, रक्षा मंत्रालय का 01 अभ्यर्थी भी शामिल हैं. अहमदाबाद में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री युवा मामले और खेल मंत्रालय, श्रीमती रक्षा निखिल खडसे, माननीया राज्यमंत्री शहरी विकास और शहरी आवास, गुजरात श्रीमती दर्शनाबेन वाघेला, माननीय सांसद श्री दिनेशभाई मकवाणा, माननीय सांसद श्री हंसमुखभाई पटेल, माननीय सांसद (राज्यसभा) श्री नरहरि अमीन, माननीय विधायक श्री दिनेशसिंह कुशवाह सहित अन्य अतिथिगण समारोह में उपस्थित रहेंगे.

# बाजार में बिकवाली से गिरावट

**मुंबई, 21 मई** बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक शुरुआती तेजी खोकर अंत में लाल निशान में बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 135.03 अंक (0.18 प्रतिशत) की गिरावट में 75,183.36 अंक पर रहा. सुबह 627 अंक चढ़ने के बाद दोपहर में यह 323 अंक तक टूट गया था. इस प्रकार इसमें करीब 950 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक का ग्राफ भी इसी तरह रहा और यह अंत में 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 23,654.70 अंक पर बंद हुआ. वृहत बाजार में कुल मिलाकर निवेश धारणा मजबूत रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत गिर गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहा. आईटी, बैंकिंग, वित्त और एफएमसीजी सेक्टरों पर बिकवाली का दबाव रहा. रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में तेजी देखी गयी.

# पाम ऑयल की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली, 21 मई. अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाने के तेल, खासकर पाम ऑयल की कीमतों में एक बार फिर तेजी देखने को मिल रही है.**

बायोफ्यूल की बढ़ती वैश्विक मांग और मजबूत बाजार संकेतों के चलते मलेशियाई बाजार में पाम ऑयल के दाम दो हफ्तों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं. फिलहाल इसकी कीमत 4,600 रिंग्गित प्रति टन के पार निकल चुकी है. अमेरिका और यूरोप की बायोफ्यूल नीतियों की वजह से वेजिटेबल ऑयल की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है. यही कारण है कि जून महीने में भी कीमतों में बड़ी गिरावट की संभावना कम दिखाई दे रही है. मलेशिया और इंडोनेशिया दुनिया में पाम ऑयल सप्लाई के सबसे बड़े केंद्र माने जाते हैं. अप्रैल महीने में पाम ऑयल की कीमतें 4,800 रिंग्गित प्रति टन तक पहुंच गई थीं. हालांकि बाद में मुनाफावसूली के चलते थोड़ी गिरावट आई, लेकिन निचले स्तरों पर मजबूत खरीदारी ने बाजार को फिर सहारा दे दिया. मलेशियन पाम ऑयल बोर्ड के मुताबिक जून में कच्चे पाम ऑयल की कीमतें औसतन 4,400 रिंग्गित प्रति टन के आसपास रह सकती हैं.


# अडानी पावर खरीदेगी जेपी के बिजली संयंत्र

**4,193 करोड़ रुपये की बड़ी सौदेबाजी पूरी**

**चुरक का 180 मेगावॉट ताप बिजलीघर भी शामिल**

**नई दिल्ली, 21 मई. अडानी पावर ने जयप्रकाश पावर में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है. इसके साथ ही कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स के कुछ ताप बिजली परिसंपत्तियों का भी अधिग्रहण करेगी. इस पूरी डील की कीमत करीब 4,193.59 करोड़ रुपये तय की गई है.**

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस खरीद के लिए अंतिम समझौता कर लिया गया है. इसमें शेयर खरीद समझौता और कारोबार हस्तांतरण समझौता दोनों शामिल हैं. डील के तहत अडानी पावर, जयप्रकाश एसोसिएट्स के पास मौजूद जेपीवीएल के 24 प्रतिशत शेयर खरीदेगी.



इस हिस्सेदारी की कीमत 2,993.60 करोड़ रुपये रखी गई है. इसके अलावा कंपनी उत्तर प्रदेश के चुरक स्थित 180 मेगावॉट क्षमता वाले ताप बिजलीघर का अधिग्रहण भी करेगी. इस समझौते में प्रयागराज पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में जयप्रकाश एसोसिएट्स की 11.49 प्रतिशत हिस्सेदारी भी शामिल है. इन अतिरिक्त परिसंपत्तियों की कीमत करीब 1,200 करोड़ रुपये तय की गई है.

यह डील जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए मंजूर पुनर्गठन योजना का हिस्सा है. आसान शब्दों में कहें तो कंपनी के कर्ज और कारोबार को संभालने के लिए बनाई गई योजना के तहत यह अधिग्रहण किया जा रहा है.

अडानी पावर ने 19 मार्च 2026 को संकेत दिया था कि वह जयप्रकाश एसोसिएट्स की पुनर्गठन योजना में 'क्रियान्वयन इकाई' बनना चाहती है. इसके बाद अब दोनों कंपनियों के बीच अंतिम समझौते पर मुहर लग गई है. इस डील को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है. वहीं राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने 17 मार्च 2026 को पुनर्गठन योजना को मंजूरी दी थी. बाद में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने भी 4 मई 2026 को इस फैसले को बरकरार रखा.

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली, 21 मई** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गयी. वहीं, गेहूं में मजबूती देखी गयी. चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा.औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,857 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी. गेहूं 10 रुपये की तेजी के साथ 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया. आटा नौ रुपये महंगा हुआ. दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा. चना दाल की औसत कीमत 11 रुपये और मूंग दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी. तुअर दाल का भाव 27 रुपये और उड़द दाल का पांच रुपये टूट गया. मसूर दाल दो रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई. मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 126 रिंगिट गिरकर 4,457 रिंगिट प्रति टन रह गया. जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.23 प्रतिशत की नरमी के साथ 74.49 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नीमच जिला नीमच म.प्र.

क्र. 107 / 990/ ई-टेण्ड./01/ लो.नि.वि / 2026 / — नीमच, दिनांक 21/05/2026

ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट website http://mptenders.gov.in पर देख सकते है किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in रहेगा।

| क्र./ टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य EMD | निविदा प्रपत्र की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD _509295_1 | लोक निर्माण संधारण हेतु बिल्डिंग मटेरियल- क्रय | 12 Months 2000000/- | Rs. 2000 Rs.15000 | 22.06.2026 |
| 2026_UAD _509289_1 | लोक निर्माण संधारण कार्य हेतु सीमेंट क्रय | 12 Months 15,00,000/- | Rs. 2000 Rs. 11250 | 22.06.2026 |
| 2026_UAD _509288_1 | लोक निर्माण संधारण कार्य हेतु बालू रेती क्रय | 12 Months 15,00,000/- | Rs. 2000 Rs. 11250 | 22.06.2026 |
| 2026_UAD _509290_1 | लोक निर्माण संधारण कार्य हेतु प्रिकाष्ट बाउण्ड्रीवाल कार्य | 12 Months 15,00,000/- | Rs. 2000 Rs. 11250 | 22.06.2026 |
| 2026_UAD _509293_1 | लोक निर्माण संधारण कार्य हेतु 10 एमएम व 12 / 20 एमएम गिट्टी क्रय | 12 Months 15,00,000/- | Rs. 2000 Rs. 11250 | 22.06.2026 |
| 2026_UAD _509294_1 | लोक निर्माण संधारण कार्य हेतु 4 एमएम व 6 एमएम गिट्टी क्रय | 12 Months 2000000/- | Rs. 2000 Rs.15000 | 22.06.2026 |

श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, नीमच | श्री मनोहर मोटवानी, सभापति, लो.नि.वि. नगर पालिका परिषद, नीमच | मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नीमच



## सुप्रीम फिनकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: द्वितीय मंजिल, हर्षा भवन, 13/29, ई-ब्लॉक, मिडिल सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001
सीआईएन: U67190DL2013PTC262044, टेलीफोन नं.: +9111-41323147
ईमेल: customercare@supremefincorp.com, वेबसाइट: www.supremefincorp.com

**सूचना**

भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ - शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2025 दिनांक 28 नवंबर, 2025 के अनुसार यह सूचना दी जाती है कि कंपनी की शाखा, जो **01 नॉर्थ पार्ट, कृष्णा रेसिडेंसी, महानंदा, शिव पैलेस होटल के पास, इंदौर रोड, उज्जैन, मध्य प्रदेश-456001** में स्थित है, कंपनी द्वारा उक्त शाखा में परिचालन बंद करने के परिणामस्वरूप 26 अगस्त, 2026 को कार्य समय समाप्त होने के बाद बंद कर दी जाएगी। यदि किसी सहायता की आवश्यकता हो, तो आप customercare@supremefincorp.com पर ईमेल भेज सकते हैं। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट (www.supremefincorp.com) पर देखी जा सकती है।

दिनांक : 22.05.2026 — सुप्रीम फिनकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड की ओर से हस्ताक्षर/- (तरु जैन) कंपनी सचिव



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
CIN L65110TN2014PLC097792,
पंजीकृत कार्यालय: - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031. टेलीफोन: +91 44 4564 4000 फैक्स: +91 44 4564 4022

### परिशिष्ट IV [नियम 8(1)] कब्जे का नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 3] के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता/सह-उधारकताओं और गारंटीकताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नीचे संलग्न मांग नोटिस में उल्लिखित राशि को मांग नोटिस की तिथि से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों सहित चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया है।
ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर राशि चुकाने में असफल रहे हैं, इसलिए ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता संख्या | खाता सह-उधारकर्ता/ओं का नंबर और गारंटर नाम | गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण | मांग नोटिस | | कब्जा लेने की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक | बकाया राशि (रु.) | |
| 39185702 | 1. सुंदरलाल भगवान सिंह 2. भगवान सिंह तिवारी 3. दुर्गा बाई तिवारी | सर्वे संख्या 1195, वार्ड संख्या 04, फोन संख्या 11, ग्रामः पाल्दा, तहसील और जिलाः अगर, मध्य प्रदेश-465441 में स्थित निर्मित मकान संख्या 53 के का पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में रमेश का मकान, पश्चिम में साझा सड़क, उत्तर में जगदीश तिवारी का मकान, दक्षिण में साझा सड़क। | 14.08.2024 | रू. 3,07,748.45/- | भौतिक कब्जा 15.05.2026 |
| 125940627 | 1. भगवान सिंह 2. विलम बाई | मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के ताराना तहसील के गवाड़ी ग्राम पंचायत के गवाड़ी स्थित कांकरियाचंद गांव में स्थित भूखंड/मकान संख्या 66 का वह पूरा हिस्सा, जिसका क्षेत्रफल 462.5 वर्ग फुट है और जो भूमि सर्वेक्षण संख्या 65 का भाग है, निम्नलिखित सीमाओं से घिरा है: उत्तरः सड़क, दक्षिणः श्यामू बाई (पत्नी नागुलल) का मकान संख्या 68, पूर्वः ईश्वर (पुत्र मंगिलल) का मकान संख्या 67, पश्चिमः मकान संख्या... उदय सिंह के पुत्र माखन गुर्जर की संपत्ति संख्या 65, साथ ही उससे जुड़े वर्तमान और भविष्य के सभी अधिकार, स्वतंत्रताएं और स्वीकृतियां, भवन, संरचनाएं, निर्माण और/या उन पर बने निर्माण और उसके बाद के विकास, और पृथ्वी से जुड़े या पृथ्वी से जुड़ी किसी भी वस्तु से स्थायी रूप से जुड़े सभी संयंत्र और मशीनरी, वर्तमान और भविष्य में। | 04.08.2025 | रू. 4,94,202.11/- | भौतिक कब्जा 18.05.2026 |
| 105357849 | 1. रामलाल मधुजी 2. लाड़कुंवर रामलाल | मकान संख्या 35 का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 133.77 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 65, जो फोन नंबर 10, ग्रामः कंकरिया चंद, ग्राम पंचायतः गावड़ी, तहसीलः तराना, जिलाः उज्जैन, मध्य प्रदेश-456550 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ उत्तर में सामान्य सड़क, दक्षिण में रमेश जी का घर, पश्चिम में ईश्वर सिंह जी का घर और पूर्व में लखन सिंह का घर हैं। | 18/06/2025 | रू. 6,77,234.36/- | भौतिक कब्जा 18.05.2026 |

विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) द्वारा मांग नोटिस में उल्लिखित राशि के साथ-साथ मांग नोटिस की तारीख से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क का प्रभार लगाया जाएगा।

दिनांक: 15.05.2026, और 18.05.2026
स्थान: मध्य प्रदेश

अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)



## Chola — Enter a better life
## चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: चोला क्रेस्ट, सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600 032, टी. एन.

### ई-नीलामी बिक्री सूचना (केवल ई-बोली के माध्यम से बिक्री)

अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के तहत जारी की गई।

इसके द्वारा सामान्य जनता और विशेष रूप से कॉलम (A) में बताए गए उधारकताओं और गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कॉलम (C) में वर्णित नीचे दी गई अचल संपत्तियों को सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित रखा गया है। इन संपत्तियों का कब्जा, जैसा कि कॉलम (D) में वर्णित है, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। इन संपत्तियों की बिक्री नीचे दिए गए विवरण के अनुसार "जैसा है जहाँ है" (As Is Where Is), "जैसा है वैसा ही" (As Is What Is) और "जो कुछ भी वहां है" (Whatever There Is) के आधार पर की जाएगी। इसके द्वारा संबंधित उधारकताओं / बंधककताओं (मृतक होने की स्थिति में उनके कानूनी उत्तराधिकारियों, प्रतिनिधियों, निष्पादकों, प्रशासकों, और वारिसों), जिनका उल्लेख कॉलम (A) में है, को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के तहत सूचना दी जाती है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट https://www.cholamandalam.com और www.auctionfocus.in पर दिए गए लिंक को देखे

| | (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई और एफ) | (जी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्र. | ऋण खाता संख्या / उधारकर्ता/ऋणकताओं/ बंधक/बंधककताओं/ गारंटर/गारंटरों के नाम | बकाया राशि की वसूली की जानी है (सुरक्षित ऋण) | अचल संपत्ति/प्रतिभूति का विवरण | प्रकार कब्जा | आरक्षित मूल्य (रुपये में) / बयाना राशि (रुपये में) | नीलामी की तिथि और समय |
| 1. | ऋण खाता. नं.(ओं).: LAP4IND000151418 1. श्रीमान/सुश्री अहसान खान 2. श्रीमान/सुश्री शकीला बी वाजिद अली क्रम सं.1 और 2 के लिए पता: 19 गोपालपुरा नगर बड़वाह, जिला खरगोन, बड़वाह पश्चिम निमाड़, मेन रोड, पश्चिम निमाड़, म.प्र.-451115 क्रम सं.1 और 2 के लिए पता: प्लॉट का एमसी नं.16, वार्ड नं.16, गुरुनानक के अंदर मार्ग, गोपालपुरा मार्ग, बड़वाह, जामा के पास मस्जिद पूर्वी निमाड़ बड़वाह खरगोन, म.प्र., 451115 | रू. 20,04,676/- (बीस लाख चार हजार छह सौ छिहत्तर मात्र) 28-10-2025 तक | वार्ड नंबर 16, नगर बड़वाहा, तहसील बड़वाहा, जिला खरगोन, मध्य प्रदेश, एनए, 473, एनए234, पश्चिम निमार, मध्य प्रदेश लैंडमार्क- पास में जामा मस्जिद, निकटतम चोला शाखा शाखा- इंदौर शाखा, निकटतम चोला शाखा से दूरी- 65 किलोमीटर, सीमाएँ, दिशाएँ योजना/दस्तावेज/लेआउट के अनुसार पूर्व- गली, पश्चिम- हामिद अली का घर दक्षिण- अहमद हुसैन मास्टर का घर उत्तर- सड़क (गोपालपुरा रोड) वास्तविक स्थल के अनुसार पूर्व- गली, पश्चिम- हामिद अली का घर, दक्षिण- अहमद हुसैन का घर उत्तर- सड़क | सांकेतिक कब्जा | रू. 19,39,300/- (उन्नीस लाख उनचालीस हजार तीन सौ मात्र) / रू. 1,93,930/- (एक लाख तेरानवे हजार नौ सौ तीस मात्र) | 30.06.2026 दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक (निविदा दस्तावेज के अनुसार प्रत्येक 5 मिनट के स्वचालित विस्तार के साथ) |
| | निरीक्षण की तिथि एवं समय: - 27.06.2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच। | | | | न्यूनतम बोली वृद्धि राशि: 10,000 रुपये/- | |
| | सहभागिता हेतु बोली/ईएमडी/अनुरोध पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29.06.2026 शाम 5 बजे तक है। | | | | | |

* ऋण समझौते के अनुसार लागू ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित, भुगतान की तिथि तक और/या उसकी वसूली तक हुए सभी खर्चों सहित। संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता, बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया श्री मोहित सूर्या से संपर्क करें। संपर्क नंबर: 9301048008 और ईमेल: <mohitsurya@chola.murugappa.com> / श्री राहुल पाठक से उनके मोबाइल नंबर: +91 9977519991 और ईमेल: rahulpathak@chola.murugappa.com पर संपर्क करें। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कोई भार नहीं है।

दिनांक: 21.05.2026
स्थान: इन्दौर, मध्यप्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड